# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026


## BSNL से 2,631 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद Sterlite Technologies के शेयरों मे उंछाल, छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा भाव।

Publisher Published on 12 Jun 2025




# STL को मिला BSNL से 2631 करोड़ का टेलीकॉम नेटवर्क कॉन्ट्रैक्ट, शेयरों मे आंई 15% की उछाल।

**मुंबई, 12 जून 2025: Sterlite Technologies Ltd (STL)** को **भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL)** से एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है, जिसकी कुल राशि 2,631.14 करोड़ रुपये है। इस प्रोजेक्ट को **दिलीप बिल्डकॉन** के साथ मिलकर हासिल किया गया है। इस खबर के बाद **STL के शेयरों** में जोरदार तेजी देखने को मिली और कंपनी का स्टॉक 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

**प्रोजेक्ट का विवरण : भारतनेट के तहत बड़ा काम**

**BSNL** की ओर से दिए गए इस ठेके में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिडिल माइल **नेटवर्क का डिजाइन, निर्माण, इंस्टॉलेशन, अपग्रेडेशन, ऑपरेशन** और **मेटेंनेसं** का कार्य शामिल है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत तीन हिस्सों में बंटी है:

१. **नेटवर्क निर्माण : ₹1,620 करोड़**
२. **ऑपरेशन और अपग्रेडेशन : ₹972 करोड़**
३. **पूर्व-निर्मित नेटवर्क का मेटेंनेसं : ₹38 करोड़**
४. इस परियोजना को **3 वर्षों मे पूरा किया जाएगा** और **10 साल तक मेटेंनेसं** किया जाएगा।

**STL के शेयरों का प्रदर्शन**

१. इस बड़ी डील की खबर के बाद **STL के शेयरों मे 15.21%** की छलांग लगते हुए भाव **₹88.68 प्रति शेयर** पर पहुंच गया, जो 18 दिसंबर 2024 के बाद का उच्चतम स्तर है।
२. **सुबह 11:04 बजे तक शेयर ₹85.34 पर ट्रेड** कर रहा था, जो **10.87%** की वृद्धि दर्शाता है।
३. इसके मुकाबले **NSE Nifty 50** में **0.35%** की गिरावट दर्ज की गई।
४. **Relative Strength Index (RSI) 79 पर रहा, जो इसे 'Overbought'** स्थिति में दिखाता है।

पिछले प्रदर्शन की तुलना
१. **पिछले 12 महीनों मे STL के शेयरों मे 34.69%** की गिरावट आई है।
२. **2025 मे अब तक 25.60%** की गिरावट दर्ज की गई है।
३. बुधवार को इसका **ट्रेड वॉल्यूम 30-दिवसीय औसत से 44** गुना अधिक था।

निवेशकों की राय
ब्लूमबर्ग डेटा के अनुसार **STL** पर नजर रखने वाले 3 में से 2 विश्लेषकों ने '**Buy**' रेटिंग दी है, जबकि 1 ने '**Hold**' की सलाह दी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.